हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 14 जुलाई 2026

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

11 जापान से वैज्ञानिक भ्रमण कर लौटीं दो होनहार बेटियों ...



12 पहले 700-800 बिल आता था, इस माह 2000-2500 रुपये ...



## खबर संक्षेप

### जिले में एचपीवी विशेष टीकाकरण सप्ताह शुरू

**धमतरी।** सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर जैसी गंभीर एवं जानलेवा बीमारी से बालिकाओं को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जिले में 13 से 18 जुलाई तक एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) विशेष टीकाकरण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अभियान के तहत जिले की 14 वर्ष आयु की सभी पात्र बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी टीका लगाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य संस्थानों एवं विद्यालयों में विशेष व्यवस्था की गई है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि एचपीवी संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण माना जाता है।

### सशिमं में छात्रों का हुआ अग्निहोत्र संस्कार

**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमातालाब में अग्निहोत्र संस्कार कराया गया। अग्निहोत्र एक अत्यंत प्राचीन वैदिक यज्ञ या संस्कार है जिसे प्रतिदिन सूर्योदय या सूर्यास्त के समय कराया जाता है। यह कार्यक्रम जुलाई माह में जन्में छात्रों के जन्म दिवस पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कराया गया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य परमेश्वर गजेन्द्र ने किया। यजमान के रूप में अभिभावक श्रीमती योगिता देवांगन, चुन्नीलाल साहू, निर्मला साहू, शिवनारायण सोनकर, भगवती सोनकर तथा वर्षा कावड़े सम्मिलित रहे।

### बाइक सवार पर चाकू से हमला, लूट की कोशिश

**धमतरी।** रात्रि में भटगांव मार्ग से गुजर रहे बाइक सवार का रास्ता रोककर उसे लूटने की कोशिश करते हुए चाकू मारा। इस घटना में वह घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय रामपुर वार्ड निवासी छोटू सोनी पिता धनीराम उम्र 40 वर्ष व दौलत हिरवानी पिता समारूराम उम्र 45 वर्ष शनिवार की रात्रि बाइक में सवार होकर भटगांव की तरफ से धमतरी आ रहे थे। इसी दौरान भटगांव व गोकुलपुर के बीच रास्ते में स्थित डेयरी के पास पहले से घात लगाकर बैठे बदमाशों ने लूटने के इरादे से बाइक का रास्ता रोक लिया। बाइक रूकने पर बदमाशों ने युवकों को लूटने का प्रयास किया। युवकों से कुछ नहीं मिलने व विरोध किये जाने पर बदमाशों ने जेब से चाकू निकाल छोटू सोनी की पीठ के बाजू ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस घटना में छोटू लहूलुहान हो गया। उसे उपचार के लिये तत्काल जिला अस्पताल लाया गया। वहीं घटना के बाद आरोपी अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से भाग गये। घटना के 48 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है।



■ भटगांव मार्ग की घटना

# किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त खाद मिले : कलेक्टर अबिनाश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट केसभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, सीएम हेल्पलाइन, सेवा सेतु, एग्रीस्टेक, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, निर्माण कार्यों तथा विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई।

बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों का त्वरित, संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध एवं प्रभावी लाभ पहुंचाना है। मानसून को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने व्यापक पौधरोपण अभियान चलाने पर जोर दिया।

सीएम हेल्पलाइन एवं सेवा सेतु की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि ये दोनों माध्यम शासन और आमजन के बीच विश्वास की मजबूत कड़ी हैं। इनके माध्यम से प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का निराकरण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि नागरिकों की वास्तविक समस्याओं के समाधान की भावना से किया जाना चाहिए। बैठक में नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जयंत नाहटा और कमिश्नर नगर निगम अरुण वर्मा का परिचय कराया गया।

## समय-सीमा की बैठक में शासन की योजनाओं और निर्माण कार्यों की हुई समीक्षा

### कालाबाजारी करने वालों पर करें कार्रवाई

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त खाद एवं प्रमाणित बीज उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कृषि विभाग को उर्वरक एवं बीज विक्रेताओं के नियमित निरीक्षण, भंडारण की सतत निगरानी तथा कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलने जैसी शिकायतों पर तत्काल एवं कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।



### पिछले वर्ष से 572 मीट्रिक टन अधिक खाद का वितरण

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि पिछले खरीफ वर्ष 2025 की तुलना में इस वर्ष खाद वितरण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2025 में जहां 23,712.79 मीट्रिक टन खाद का वितरण हुआ था, वहीं खरीफ वर्ष 2026 में अब तक 24,284.72 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 572 मीट्रिक टन अधिक है। अधिकारियों ने बताया कि जिले में वर्तमान में खाद एवं बीज का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है।

कुरूद विखं के एक गांव में हो रही थी नाबालिग लड़की की शादी, लड़के की उम्र भी थी कम

# बारात खड़ी थी दरवाजे पर, विवाह रूकवाने पहुंच गए अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लड़की नाबालिग थी और लड़के की उम्र भी शादी के लायक नहीं हुई थी। इसके बाद भी दोनों की शादी रचाई जा रही थी। बारात भी दरवाजे तक पहुंच चुकी थी। अचानक महिला बाल विकास विभाग की टीम पहुंच गई। माता-पिता सहित परिजनों को समझाइश दी, जिसके बाद शादी रोक दी गई।

मामला कुरूद विकासखंड के एक गांव का है। महिला बाल विकास विभाग को 12 जुलाई को सूचना मिली कि इस गांव में नाबालिग की शादी रचाई जा रही है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के आदेश तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जगरानी एक्का, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी महेश राम मरकाम के निर्देश पर एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी आनंद पाठक के मार्गदर्शन में टीम कुरुद विकासखंड के उस गांव में पहुंची और पुलिस के सहयोग से बाल विवाह रूकवाया। इससे पहले लड़की और लड़के की उम्र की पुष्टि की गई। जिसमें लड़की की उम्र 17 वर्ष 5 महीना और लड़के की उम्र 18 वर्ष निकली।



### इनका रहा सहयोग

बाल विवाह रूकवाने में यशवंत बैस संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, नीलम साहू परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, अनुराग खलखो, तुलेश्वर साहू सुपरवाइजर चाइल्ड लाइन एवं थाना कुरुद से सुरेश नंद सहायक उपनिरीक्षक, राहुल कुमार सहायक निरीक्षक, हवलदार रामसेवक एवं सरपंच श्रीमती नीतू, पंच कविता सहित ग्राम के नागरिकों ने भी सहयोग दिया।

### हल्दी की रस्म हो चुकी थी

शादी की तैयारी काफी पहले से चल रही थी। जब महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम पहुंची, तब तक हल्दी की रस्म हो चुकी थी और बारात घर तक पहुंच गई थी। शादी के फेरे एवं अन्य रस्म बची थी। टीम ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के संबंध में जानकारी दी। लड़की के पिता विवाह को रोकने पर राजी हो गए। परिजनों को बताया गया कि बाल विवाह में शामिल लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाती है, जिसमें 2 वर्ष की सजा और जुर्माना का प्रावधान है तथा बाल विवाह में किसी प्रकार का सहयोग करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई होती है। विवाह में शामिल व्यक्ति, बाल विवाह करवाने वाले पंडित, बाल विवाह में गाड़ी देने वाले व्यक्ति सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होती है। समझाइश के बाद परिजनों ने बाल विवाह को रोकने के लिए सहमति दी।

# शहर के 8 नए मनोनीत पार्षदों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ

## सभी को बारी-बारी से दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम में 8 एल्डरमैन नियुक्त किए गए हैं। सोमवार को कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सभी को बारी-बारी से पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। महापौर जगदीश रामू रोहरा, सभापति कौशिल्या देवांगन ने सभी एल्डरमैन से बेहतर परफार्मेंस की उम्मीद जताई है।

सोमवार को शाम 4.30 बजे नगर निगम के सभाकक्ष में शहर के सात एल्डरमैन ने शपथ ग्रहण किया। इसमें अशोक सिन्हा, विजय सिंह ठाकुर, दिलीप पटेल, प्राची सोनी मोटरस्टैंड वार्ड, रितिका यादव सुभाषनगर वार्ड, अरविंदर मुंडी स्वामी विवेकानंद वार्ड, सीमा चौबे पोस्ट ऑफिस वार्ड, विजय ठाकुर श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड और भागवत यादव बांसपारा वार्ड शामिल थे। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बारी-बारी से सभी को पद और गोपणीयता की शपथ दिलाई।





इस दौरान महापौर श्री रोहरा ने कहा कि शहर के विकास रथ को रफ्तार देने के लिए आठ नए पहिए लग गए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई की कि सभी एल्डरमैन बेहतर ढंग से काम करेंगे। सभापति कौशिल्या देवांगन ने कहा कि यह सौभाग्य का दिन है। जिम्मेदारी उठाने का दिन है। सभी नए मनोनीत पार्षद अपना काम निष्ठापूर्वक करेंगे।

इस दौरान नगर निगम आयुक्त अरूण कुमार वर्मा, उपायुक्त पीसी सार्वा, लेखाधिकारी दीपक शर्मा सहित पार्षद अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

# बालिका आवासीय विद्यालय के चपरासी और गार्ड के खिलाफ हुई शिकायत



कलेक्टोरेट में ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

वनांचल ग्राम निर्राबेड़ा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में पदस्थ महिला चपरासी एवं गार्ड के खिलाफ ग्रामीणों ने शिकायत की है।

ग्राम समिति निर्राबेड़ा के अध्यक्ष हेमंत कुमार, ग्राम पटेल धरमसिंह नेताम, लक्ष्मीनाथ, कृष्णप्रकाश ध्रुव, संतूराम यादव, प्रेमिन बाई, जमनक लाल, शकुन बाई सहित बड़ी संख्या में सोमवार को कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम सौंपे आवेदन में कहा है कि विद्यालय में गार्ड के पद पर कार्यरत नम्रता साहू ड्यूटी समय पर विद्यालय से नदारद रहती है। देर रात तक विद्यालय से बाहर रहती है। वहीं चपरासी भामा ध्रुव अर्धशासकीय पद पर कार्यरत है। उसने प्रेम विवाह किया है जिसका गलत प्रभाव छात्रों पर पड़ सकता है। ग्रामीणों ने गार्ड का अन्य स्थान पर तबादला तथा चपरासी को पद से हटाने की मांग की है।

# कुर्रा प्राथमिक शाला में शिक्षक की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कुरूद विकासखंड की प्राथमिक शाला कुर्रा में शिक्षक व्यवस्था करने की मांग की गई है। सोमवार को शाला प्रबंधन समिति कुर्रा के पालक पुरूषोत्तम, धर्मिन, भीमेश्वरी, जानकी, सुमित्रा ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि ग्राम पंचायत कुर्रा की शा.प्रा. शाला में दर्ज संख्या 46 है। जहां एक प्रधानपाठक और एक सहायक शिक्षक कार्यरत हैं। पांच कक्षा होने के कारण अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है। कुरूद ब्लॉक एवं जिले के कई स्कूल ऐसे हैं जहां दर्ज संख्या कम होने के बावजूद अतिरिक्त शिक्षक कार्यरत हैं। बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता को देखते हुए एक शिक्षक व्यवस्था करने की मांग की है।

# मजदूरों को पारिश्रमिक देने पीएचई कर रहा गुमराह

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ हैंडपंप संधारण के लिए लगाए गए मजदूर और वाहन किराया का मामला

गर्मी में हैंडपंप संधारण के लिए लगाए गए श्रमिकों की मेहनताना तथा वाहन किराया के लिए मजदूर और वाहन मालिक कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। सोमवार को श्रमिक और वाहन मालिक ने कलेक्टर से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से राशि भुगतान कराने की गुहार लगाई है।

वाहन मालिक तुलसीराम, रमेशचंद, श्रमिक टिपेश कुमार, शेखनराम ने कलेक्टर के नाम सौंपे आवेदन में कहा है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत कुरूद, मगरलोड में हैंडपंप संधारण के लिए सन 2025 से 2026 के लिए 2 चारपहिया वाहन तथा 4 श्रमिकों को कार्य में लगाया गया था। 4 माह का वाहन किराया एवं श्रमिकों का भुगतान नहीं हुआ है। 2 चारपहिया वाहन की कुल राशि 2.60 लाख तथा 4 मजदूरों के 4 माह की मेहनताना 1.92 लाख रूपये नहीं मिली है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में बार-बार निवेदन करने के बाद भुगतान करने के बजाए गुमराह किया जा रहा है जिससे वे हताश व आर्थिक तंगी से जीवनयापन करने को मजबूर हो गए हैं। उन्होंने कलेक्टर से वाहन भाड़ा एवं पारिश्रमिक दिलाने की मांग की है।



## क्राइम को कंट्रोल करने व विजिबल पुलिसिंग को बताया पहली प्राथमिकता

# जिले की नई एसपी भावना पांडे ने लिया चार्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले की नई पुलिस अधीक्षक भावना पांडे ने सोमवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान निवर्तमान एसपी सूरजसिंह परिहार ने विभागीय प्रक्रिया के अनुरुप कार्यभार सौंपते हुए जिले की कानून व्यवस्था की जानकारी दी।

जिला पुलिस कार्यालय में नवपदस्थ एसपी ने कार्यभार संभाला। इस दौरान मौजूद जिले के राजपत्रित अधिकारी व पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने एसपी का स्वागत कर उनके नेतृत्व में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने , महिला एवं बाल सुरक्षा को प्राथमिकता देने व संवेदनशील पुलिसिंग को नई गति प्रदान करने के लिए पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण व टीम भावना के साथ कार्य करने का विश्वास जताया।

इस दौरान एसपी भावना पांडे ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि धमतरी पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता आमजन की सुरक्षा, कानून व्यवस्था रखना, अपराधों पर त्वरित एवं नियंत्रण स्थापित करना, पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाना, आमजनता व पुलिस के बीच विश्वास व संवाद को अधिक सशक्त बनाना होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी अनुशासन, पारदर्शिता, जवाबदेही, संवेदनशीलता एवं सेवाभाव के साथ कार्य करते हुए पुलिस विभाग की गरिमा एवं आमजन के विश्वास को और अधिक मजबूत बनाएं।

पदभार ग्रहण करने के बाद नवपदस्थ एसपी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान शाखा प्रभारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर कार्यालयीन अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए। एसपी ने विश्वास व्यक्त किया कि पुलिस का प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी अपनी कर्तव्यनिष्ठा, कार्यकुशलता के बल पर आमजन की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा।

इस अवसर पर एएसपी शैलेंद्र पांडे, सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, एसडीओपी कुरूद रागिनी मिश्रा, डीएसपी मोनिका मरावी, मीना साहू, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा सहित पुलिस कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



### एसपी मूल रुप से छत्तीसगढ़ की निवासी

एसपी भावना पांडे मूल रुप से छत्तीसगढ़ की ही रहने वाली हैं। उनकी पढ़ाई लिखाई रायपुर में हुई है। वर्ष 1997 में पीएससी में सिलेक्ट हुईं। वर्ष 2000 में ट्रेनिंग ली। वर्ष 2009 में एएसपी पद पर प्रमोशन मिला। वर्ष 2025 में आईपीएस अवार्ड मिला। धमतरी की कमान मिलने से पूर्व एसपी भावना पांडे सहायक पुलिस महानिरीक्षक विशेष शाखा पुलिस मुख्यालय रायपुर में पदस्थ थीं। उनके पति विजय पांडे जांजगीर चांपा के पुलिस अधीक्षक हैं।

### नवपदस्थ एसपी ने मीडिया से की मुलाकात

जिले की नवपदस्थ एसपी भावना पांडे ने पदभार संभालने के बाद सोमवार की शाम एसपी कार्यालय में मीडिया से औपचारिक मुलाकात की। शहर व जिले की कानून व्यवस्था पर मीडिया से चर्चा की। इस दौरान पत्रकारों के सवाल पर एसपी ने बताया कि पारदर्शी पुलिसिंग, पुलिस की क्षमता को मजबूत करना, प्रशिक्षण, जल्द रिस्पांस करने टीम बनाने व रिस्पांस टाइम को कम करने का प्रयास किया जाएगा। क्राइम कंट्रोल करने शहर में पुलिस चौकी की आवश्यकता पर समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। सूखा नशा, अवैध शराब, जुआ, आनलाइन बटंची चाकू पर कार्रवाई करने व एएसआई व एसआई के भरोसे चल रहे थानों की समीक्षा कर आवश्यकतानुसार कदम उठाने की बात कही। शहर में बेहिसाब चल रहे ई-रिक्शा के लिए हाटस्पाट चिन्हांकित किया जाएगा। वहीं शहर सहित आउटर में हो रहे एक्सीडेंट की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई करने पर बल दिया।

# पीओपी से मूर्ति निर्माण का विरोध



■ छत्तीसगढ़ मूर्तिकार चित्रकार संघ ने कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ मूर्तिकार चित्रकार संघ ने शहर में प्लास्टर आफ पेरिस की मूर्ति निर्माण करने की शिकायत कलेक्टर से की है। संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार सोनवानी के साथ पहुंचे संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जिलाधीश के नाम शिकायत ज्ञापन सौंपा है। पर्यावरण, संरक्षण एवं जल प्रदूषण को रोकने के लिए पीओपी से निर्मित मूर्तियों का संघ कड़ा विरोध करता है।

सर्वोच्च न्यायालय और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा-निर्देश के अनुसार पीओपी से मूर्तियां बनाने पर पूर्ण प्रतिबंध है। मिट्टी या प्राकृतिक सामग्री से मूर्तियां बनाने की अनुमति है। संघ ने शिकायत में कहा है कि शहर में कुछ मूर्तिकार पीओपी की मूर्तियां बना रहे हैं। वहीं अन्य स्थानों से विक्रय के लिए लाए गए हैं। संघ ने श्री गणेश जी व अन्य मूर्तियों का पीओपी से निर्माण की जांच कर विधिवत कार्रवाई करने की मांग की है।

**खबर संक्षेप**

## प्रधान पाठक ने कराया नेवता भोज

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के शासकीय सुपर 60 मॉडल स्कूल पेडावारी के प्रधान पाठक निर्भय कोवाची ने जन्मदिन सेवा और सामाजिक सरोकार के साथ मनाते हुए कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए नेवता भोज का आयोजन किया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी इसमें सहभागिता की। इस अवसर पर कोवाची ने विद्यार्थियों को अनुशासन, अच्छे संस्कार और मन लगाकर पढ़ाई करने का संदेश देते हुए कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। विद्यालय परिवार ने इस पहल को सामाजिक समरसता और अपनत्व बढ़ाने वाला प्रेरणादायी आयोजन बताया।

## एनसीएसटी सलाहकार कल जिले के प्रवास पर

**कांकेर।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग एनसीएसटी के वरिष्ठ सलाहकार-सह-एपीएस प्रकाश कुमार उइके 15 जुलाई को जिले के प्रवास पर रहेंगे। अपने प्रवास के दौरान वे अनुसूचित जनजातियों के विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रकाश उइके जिले की सभी वन प्रबंधन समितियों के अध्यक्षों के साथ बैठक कर वन धन केंद्रों के संचालन एवं गतिविधियों की समीक्षा करेंगे।

## नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत कर गणवेश और पुस्तकें वितरित

**चारामा।** विकासखंड चारामा के ग्राम हाराडुला में सोमवार को विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। शिक्षा के महापर्व के रूप में आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों, प्राचार्यों, शिक्षकों, पालकों तथा छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया। साथ ही शासन की योजनाओं के तहत विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश, कॉपियां और पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत कांकेर की अध्यक्ष किरण नरेटी थीं। विशिष्ट अतिथियों में जनपद पंचायत चारामा की अध्यक्ष जागेश्वरी भास्कर, जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिन्हा, एवं करन सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

**निधन**

### अर्जुन सिंह साहू

**धमतरी।** रामपुर वार्ड निवासी अर्जुनसिंह साहू का 13 जुलाई को निधन हो गया।



वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। वे गोदावरी साहू के पुत्र, मंटोरा साहू के पति, सुभाष साहू के पिताजी एवं कैलाश साहू अधिवक्ता, शिवकुमार साहू के बड़े भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा शाम 4 बजे रामपुर वार्ड निवास स्थान से शांतिघाट के लिए निकली। अंतिम यात्रा में साहू समाज सहित नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# डिजिटल आवेदन, ऑनलाइन सत्यापन और समयबद्ध सेवा से नागरिकों का बढ़ा भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासन की डिजिटल सेवा पहल सेवा सेतु जनता के द्वार, डिजिटल सरकार नागरिकों को पारदर्शी, त्वरित और सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी माध्यम बन रही है। अब विभिन्न शासकीय प्रमाण पत्रों एवं सेवाओं के लिए नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन आवेदन, डिजिटल दस्तावेज सत्यापन तथा समयबद्ध सेवा प्रदाय से लोगों का जीवन अधिक सरल और सुविधाजनक हुआ है।

जिले के कुरूद तहसील के निवासी सागर भी इस डिजिटल परिवर्तन का लाभ प्राप्त करने वाले नागरिकों में शामिल हैं। उन्हें एक आवश्यक शासकीय कार्य के लिए निवास प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी। पहले इस प्रकार का प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कार्यालय में कई बार जाना पड़ता था। सेवा सेतु पोर्टल के बारे में जानकारी मिलने के बाद सागर ने स्वयं ऑनलाइन आवेदन करने का निर्णय लिया। सागर बताते हैं कि सेवा सेतु के माध्यम से पूरी प्रक्रिया अत्यंत सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक रही। उन्हें कार्यालय के अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पड़े, समय और यात्रा व्यय की बचत हुई तथा निर्धारित समय में प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया। यह व्यवस्था विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी है, क्योंकि इससे सेवाएं सीधे नागरिकों तक पहुंच रही हैं।

### सेवा सेतु ने बनाई सरकारी सेवाएं सरल, समय व धन दोनों की हुई बचत



#### सागर को घर बैठे मिला निवास प्रमाण-पत्र

उन्होंने पोर्टल पर आवश्यक जानकारी दर्ज कर संबंधित दस्तावेज अपलोड किए। आवेदन प्राप्त होते ही विभाग द्वारा दस्तावेजों का डिजिटल सत्यापन किया गया। निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद उनका आवेदन स्वीकृत हुआ तथा डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त निवास प्रमाण पत्र ऑनलाइन जारी कर दिया गया। इसके बाद उन्होंने प्रमाण पत्र डाउनलोड कर उसकी प्रति प्रिंट की और आवश्यक शासकीय कार्य में उसका सफलतापूर्वक उपयोग किया।

### करेलीबड़ी में पुलिस चौकी भवन और ऑपरेशन सिंदूर उद्यान का लोकार्पण

# गांव की छोटी समस्याओं का समाधान ग्रामीण स्तर पर ही हो : रूपकुमारी





हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

नवीन नगर पंचायत करेलीबड़ी में नवीन पुलिस चौकी भवन का गृह प्रवेश किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी रहीं । अध्यक्षता कुरुद विधायक अजय चन्द्राकर ने की। अतिथियों ने फीता काटकर तथा पूजा-अर्चना कर पुलिस विभाग को नवीन चौकी भवन सौंपा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि नये पुलिस चौकी भवन से आम जनता को सुविधा मिलेगी। गांव की छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान ग्राम स्तर पर किया जाना चाहिए। अवैधानिक कार्य एवं अपराध जैसे मामलों का निराकरण पुलिस के माध्यम से किया जाना चाहिए। महिला एवं युवा वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि जागरूक होकर भागीदारी निभाने से गांव सहित क्षेत्र का विकास होगा।



मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जिपं सभापति मीना साहू, जनपद अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष खिलेश्वर साहू, श्याम साहू, नवीन नपं अध्यक्ष महेन्द्र साहू, जनपद सभापति राजेश साहू, नंदनी साहू, विनीता साहू, मेघा मण्डल अध्यक्ष कल्याण सिंह राजपूत, महामंत्री जीतराम देवांगन, मण्डल प्रभारी होरीलाल साहू, सहप्रभारी दानेश्वर सोनकर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय यदु, मेघा मण्डल कोषाध्यक्ष संतोष सोनी, हेमंत साहू, शत्रुहन साहू, लोमश सोनबेर, कोमल यदु, नरेश सिन्हा, नरेश अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### ग्राम करगा में सैनिक स्कूल बनेगा

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा नवनिर्मित ऑपरेशन सिंदूर उद्यान का करेलीबड़ी में लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी रही। अध्यक्षता कुरुद विधायक अजय चन्द्राकर ने की। श्री चन्द्राकर ने कहा कि आज पानी का लेवल गिर रहा है। कम वर्षा हो रही है। इसके लिए हम दोषी हैं। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधरोपण अनिवार्य है। आगे कहा कि कुरुद ब्लॉक के ग्राम करगा में सैनिक स्कूल बनेगा। नवीन करेलीबड़ी में महाविद्यालय, विश्राम गृह, तहसील भवन बनेगा। इसे औद्योगिक क्षेत्र बनाने का काम चल रहा है। छग सबसे अधिक धान उत्पादक राज्य है। मेघा महानदी का पुल टूटना तथा नये पुल निर्माण की स्वीकृति तथा कम समय में नये पुल निर्माण होना विश्व रिकॉर्ड है। पुल फरवरी 2027 में बनकर तैयार हो जायेगा।

# मड़ेली महापंचायत में ताबड़तोड़ फैसले
# किसानों की समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई

- किसानों की आवाजाही में बाधा बनी अवैध बाड़ हटाने के निर्देश पार्किंग व्यवस्था तय

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव



ग्राम मड़ेली में कुछ किसान भैंसबोड़ खार में रोड किनारे बबूल के कांटे और शाखाओं से अपने खेत की सीमा रेखा से बाहर असंवैधानिक रूप से बाड़ लगाकर किसानों की आवाजाही पर अर्चन पैदा कर रहे थे। किसानों की परेशानी को महापंचायत ने संज्ञान में लिया। महापंचायत की टीम में शामिल सोशल मीडिया प्रभारी शेखर साहू, जनपद सदस्य ठाकुर राम साहू, सचिव चेतन साखरे, टेमन साहू, तुलस निषाद पुराणिक साहू, सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण साहू, लूर साहू ने मौका मुआयना किया और रिपोर्ट महापंचायत में प्रस्तुत की।

महापंचायत ने निर्णय सुनाया कि बाड़ को उखाड़कर अपनी सीमा रेखा में डाले और भविष्य में इनकी पुनरावृत्ति न हो और अगर ऐसा होता है तो कठोर कार्रवाई से गुजरना होगा। इसी तरह कुछ ग्रामीणों ने अपने पूर्व निराकरण पर संशोधन हेतु आवेदन लगाया पर महापंचायत ने पूर्व निर्णय के संशोधन को सिरे से खारिज कर दिया। राजस्व के कुछ मामले आए। आवेदक को पुख्ता दस्तावेज प्रस्तुत करने समय दिया गया।

कुछ किसानों ने सर्वसमाज की अवमानना पर महापंचायत नीतिगत नियमबद्ध से कार्रवाई की बात कर अगली बैठक तक विषय को स्थगित रखा। इनके अलावा छोटाबाजार हटरी चौक पर बाजार के दिन अपने दोपहिया और चारपहिया वाहन को मिडिल स्कूल प्रांगण पर ही पार्किंग करने का आदेश दिया। बड़े बाजार हटवारापारा बाजार चौक के दिन खैरखापार पर दोपहिया चारपहिया को पार्किंग करने का आदेश फरमाया। सहकारी समिति उपभोक्ता केंद्र बाजार चौक पर कांटातार से बाड़ न करने का प्रस्ताव पारित किया। तालाब, बांध की मेड़, नहर पार, सड़क किनारे शासकीय भूमि पर दलहन तिलहन का बुआई न करें।

सभा का समापन संरक्षक नारायण गिरी गोस्वामी ने किया। मौके पर सभापति भगत राम साहू, समिति अध्यक्ष संतराम साहू, श्रीमती शारदा साहू, लालसिंग चंदेल, ताराचंद साहू, सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण साहू, उपसरपंच ओमप्रकाश देवांगन, दौलत राम साहू, यशवंत साहू, महेंद्र निर्मलकर, ईश्वर सोन, गीतेश साहू, चेतन साहू, शिशुपाल साहू, घनाराम ध्रुव, प्रेमनारायण साहू शिक्षक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# अध्यक्ष पद के लिए रामेश्वर ने नामांकन भरा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कोसरिया यादव समाज नगर इकाई धमतरी के अध्यक्ष पद के लिए रामेश्वर यादव ने नामांकन जमा किया। मौके पर जिला अध्यक्ष जोहनसिंह यादव, नरेंद्र यादव महामंत्री, जितेंद्र यादव बठेना वार्ड अध्यक्ष, यशवंत यादव नगर सचिव, हेमंत यादव वार्ड अध्यक्ष बनियापारा, हीरालाल यादव सुभाषनगर, बंशीलाल यादव महात्मा गांधी वार्ड एवं बीएल रावत महात्मा गांधी वार्ड उपस्थित थे।

# शहीद विनोद कुमार के अदम्य साहस कर्तव्यनिष्ठा-देशभक्ति को किया याद



**नगरी।** जिले के नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम आमगांव में शहीद विनोद कुमार ध्रुव के शहीद दिवस पर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शहीद के परिजनों, ग्रामवासियों एवं क्षेत्र के नागरिकों ने उनके शहीद स्मारक पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर राष्ट्र के प्रति उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान लोगों ने शहीद विनोद ध्रुव अमर रहें के गगनभेदी नारों के साथ वीर सपूत को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और देशभक्ति को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि शहीद विनोद कुमार ध्रुव का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। गौरतलब है कि शहीद विनोद कुमार ध्रुव राजनांदगांव जिले के मोहला क्षेत्र में थानाप्रभारी (टीआई) के पद पर पदस्थ थे। वर्ष 2009 में मदनवाड़ा क्षेत्र में नक्सलियों से लोहा लेते हुए उन्होंने वीरगति प्राप्त की थी। देश और समाज की रक्षा के लिए दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान आज भी लोगों के हृदय में अमिट है। लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद की पावन स्मृति को नमन किया तथा उनके बताए राष्ट् रसेवा और कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

- सद्बुद्धि पदयात्रा निकालकर सरकार से निष्पक्ष जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

अयोध्या के श्रीराम मंदिर चढ़ावा चोरी के विरोध में सोमवार को मगरलोड ब्लॉक के कांग्रेसियों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मगरलोड ने सद्बुद्धि पदयात्रा निकाली और सरकार से निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अयोध्या का श्रीराम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है।चढ़ावे से जुड़े प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए, जिससे श्रद्धालुओं का विश्वास कायम रहे। वक्ताओं ने कहा कि धार्मिक आस्था के नाम पर जनता से एकत्रित किए गए चंदे में अनियमितता अत्यंत निंदनीय है। कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करती है। राम मंदिर में चंदा चोरी की घटना से करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था आहत हुई है।



मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विनीत बाफना, लकेश्वर साहू जिलाध्यक्ष कांग्रेस पिछड़ा वर्ग, स्मिता सिंह जिला महामंत्री, रेखा साहू सचिव, डीहूराम, राजेंद्र साहू, हेमंत देवांगन उपाध्यक्ष, रवि कुमार निर्वाण, सुरेश साहू अध्यक्ष प्रतिनिधि नपं मगरलोड भूपेश सिन्हा, डाकवर साहू, राजेंद्र साहू, नेहरू साहू, झालूरामसहित अन्य उपस्थित थे।

# माशा नगरी में सेमंत बने एसएमसी अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

इंग्लिश मीडियम सीबीएसई मिडिल स्कूल नगरी में शाला प्रबंध समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से सेमंत पटेल को अध्यक्ष, सुनीता साहू को उपाध्यक्ष, एसपी ग्वाले को शिक्षाविद, पूर्णिमा साहू को सचिव तथा वंदना सोनी को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलाव चमेली यादव, संध्या गजभिए, किरण साहू, संतोषी नाग, हेमंत साहू सदस्य चुने गए।

पदाधिकारियों एवं सदस्यों का गुलाल लगाकर स्वागत किया, तत्पश्चात उन्हें शाला की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके समाधान के संबंध में चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक वंदना सोनी तथा आभार प्रदर्शन प्रपा पूर्णिमा साहू ने किया।

# आयुक्त अरूण कुमार ने महापौर रामू रोहरा से की सौजन्य भेंट

- नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर पालिक निगम की पूर्व आयुक्त प्रिया गोयल के स्थानांतरण के पश्चात नवपदस्थ आयुक्त अरूण कुमार वर्मा ने पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद महापौर कक्ष पहुंचकर महापौर रामू रोहरा से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा एवं निगम के पार्षदों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर नवागत आयुक्त का आत्मीय स्वागत किया।



बैठक के दौरान महापौर रामू रोहरा और आयुक्त अरूण कुमार वर्मा के बीच नगर के समग्र विकास, स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, पेयजल व्यवस्था, सड़क निर्माण, जल निकासी तथा नागरिकों को बेहतर नगर निगम सेवाएं उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। महापौर ने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के आपसी समन्वय से शहर के विकास कार्यों को और अधिक गति मिलेगी तथा आमजन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

आयुक्त अरूण कुमार वर्मा ने भी नगर के सर्वांगीण विकास के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी।



## खबर संक्षेप



### नहर तोड़ने पर विवाद, पत्थर से किया हमला, महिला सहित तीन लोग घायल

**कांकेर।** खेत की सिंचाई व्यवस्था बचाने के लिए नहर तोड़ने का विरोध करना एक किसान परिवार को महंगा पड़ गया। पखांजुर थाना क्षेत्र के ग्राम पीवी क्रमांक-10 कृष्णनगर में नहर तोड़ने से रोकने पर पड़ोसी किसानों ने कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। आरोप है कि एक आरोपी ने पत्थर से हमला कर किसान का सिर फोड़ दिया, जबकि बीच-बचाव करने पहुंचे बेटे और पत्नी के साथ भी मारपीट की गई। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पीवी क्रमांक-10 कृष्णनगर निवासी 60 वर्षीय मुरारीलाल डागुर ने थाना पखांजुर में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया कि 11 जुलाई की दोपहर लगभग 2 बजे वह शिकायतकर्ता अपनी पत्नी आरती डागुर और पुत्र प्रकाश डागुर के साथ खेत में कृषि कार्य कर रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी किसान दीपक राय और आकाश राय ट्रैक्टर की सहायता से खैरकट्टा डेम की नहर (केनाल) को तोड़कर अपने खेत में मिलाने का प्रयास कर रहे थे। शिकायतकर्ता ने जब इसका विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने कथित रूप से गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर दीपक राय ने पत्थर उठाकर शिकायतकर्ता के सिर पर हमला कर दिया, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोट आई। पिता को बचाने पहुंचे पुत्र के हाथ में भी चोट लगी, वहीं शिकायतकर्ता की आरती के साथ कथित रूप से धक्का-मुक्की करते हुए बाल पकड़कर मारपीट की गई, जिससे उन्हें भी अंदरूनी चोटें आईं। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने थाना पखांजुर पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी दीपक राय और आकाश राय के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2), 351(2) एवं 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### जमीन विवाद पर मारपीट, काउंटर केस दर्ज

कांकेर। चारामा थानांतर्गत ग्राम भिरौद में जमीन संबंधी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए चारामा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। पहले पक्ष के प्रार्थी भुनेश्वर सिन्हा ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि 12 जुलाई को सुबह लगभग साढ़े 10 बजे वह अपने घर पर काम कर रहे थे। इसी दौरान कचराबाई सिन्हा और उनके पुत्र रूपेश सिन्हा उनके घर की बाड़ी का घेराव तोड़कर अंदर आए, गाली-गलौज की तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए लकड़ी की बल्ली फेंककर मारी। बल्ली सिर में लगने से उन्हें चोट आई और खून निकल गया। उनकी शिकायत पर पुलिस ने कचराबाई सिन्हा एवं रूपेश सिन्हा के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 296, 351(2) एवं 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है। दूसरे पक्ष के प्रार्थी भुवन लाल सिन्हा ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके खसरा नंबर 680/5 स्थित मकान के पास छोड़ी गई जगह पर दीवार निर्माण को लेकर विवाद हुआ।

# चिरायु टीम की सतर्कता से बची 10 वर्षीय त्रिशांत की जिंदगी

- जन्मजात हृदय रोग का हुआ नि:शुल्क सफल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) अंतर्गत कार्यरत चिरायु टीम की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से कुरूद विकासखंड के ग्राम सिंधौरीखुर्द निवासी 10 वर्षीय छात्र त्रिशांत यादव को नया जीवन मिला। विद्यालय में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने उसके हृदय में जन्मजात समस्या की आशंका जताई। इसके बाद परिजनों की सहमति से उसे जिला अस्पताल धमतरी भेजा गया, जहां जांच में जन्मजात हृदय रोग (सीएचडी) की पुष्टि हुई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में चिरायु टीम ने बिना विलंब सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर त्रिशांत को रायपुर के एमएमआई अस्पताल रेफर किया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य



कार्यक्रम के तहत 8 जुलाई को उसके हृदय का सफल ऑपरेशन पूरी तरह निःशुल्क किया गया। उपचार के बाद बच्चे के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हुआ और अब वह सामान्य जीवन की ओर लौट रहा है। चिरायु टीम लगातार उसके स्वास्थ्य की निगरानी और फॉलो-अप भी कर रही है।त्रिशांत के माता-पिता ने शासन और चिरायु टीम के प्रति आभार जताते हुए कहा कि स्कूल में स्वास्थ्य परीक्षण नहीं होता तो बीमारी का समय पर पता नहीं चल पाता। महंगा इलाज उनके लिए संभव नहीं था, लेकिन सरकारी योजना के कारण बिना किसी आर्थिक बोझ के बच्चे का सफल उपचार हो सका। यह सफलता दर्शाती है कि आरबीएसके केवल स्वास्थ्य परीक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि समय पर पहचान, विशेषज्ञ उपचार, निःशुल्क चिकित्सा और सतत फॉलोअप के माध्यम से बच्चों के स्वस्थ भविष्य को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## सुनैना और समीक्षा ने अपनी प्रतिभा के दम पर वैश्विक पटल पर बनाई पहचान

# जापान से वैज्ञानिक भ्रमण कर लौटी दो बेटियों का कलेक्टर ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की दो होनहार छात्राओं ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर धमतरी सहित पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत जापान के वैज्ञानिक भ्रमण से वापस लौटने पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने दोनों छात्राओं से मुलाकात की और उन्हें इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए सम्मानित किया। सम्मानित होने वाली छात्राओं में सुनैना साहू और समीक्षा साहू शामिल हैं, जिन्होंने अपनी प्रतिभा के दम पर वैश्विक पटल पर पहचान बनाई है।



ज्ञात हो कि इस वर्ष 'इंस्पायर मानक स्कीम सकुरा साइंस हाई स्कूल प्रोग्राम ऑफ जापान के लिए देशभर से कुल 56 विद्यार्थियों का चयन किया गया था। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य से कुल पांच छात्राओं को प्रतिनिधित्व का मौका मिला, जिसमें सबसे खास बात यह रही कि धमतरी जिले के हायर सेकेंडरी स्कूल कोसमर्रा से ही दो छात्राओं ने इस सूची में अपनी जगह बनाई।

अपने इस शैक्षणिक और वैज्ञानिक भ्रमण के दौरान दोनों बेटियों ने जापान की अत्याधुनिक तकनीक, सामाजिक व्यवस्था और समृद्ध संस्कृति को बेहद करीब से महसूस किया। छात्राओं ने टोक्यो यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, जापान की प्रतिष्ठित अंतरिक्ष एजेंसी स्पेस डोम जैक्सा, दुनिया के सबसे बड़े टीवी टावर, मैकाई हाई स्कूल और ऐतिहासिक आसाकुसा टेम्पल जैसे प्रमुख स्थलों का दौरा कर वहां का गहन वैज्ञानिक व सामाजिक अध्ययन किया।

जापान से सकुशल वापस लौटने पर इन छात्राओं का जिले में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भ्रमण के दौरान सहयोगी रहे स्कॉट शिक्षक अनिल साहू एवं प्रीति शांडिल्य के योगदान की भी विभाग द्वारा विशेष रूप से सराहना की गई। कलेक्टर कक्ष में आयोजित इस सम्मान समारोह के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, डीपीओ खेमेंद्र साहू, सहायक संचालक देवेश सूर्यवंशी, यदुनंदन वर्मा, विद्यालय के प्राचार्य डोमन लाल साहू, शाला समिति के अध्यक्ष खोमेश्वर राव वाकडे और निखिल साहू सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## हाईस्कूल कोलियारी में छात्राओं को साइकिल वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासकीय हाईस्कूल कोलियारी में निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत साइकिल का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा गंगरेल मंडल अध्यक्ष श्रीमती मोनिका देवांगन ने छात्राओं को साइकिल वितरित की। अपने उद्बोधन में मोनिका देवांगन ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना बालिका शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में राज्य शासन की महत्वपूर्ण पहल है। इससे छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी। उनका समय बचेगा तथा वे नियमित रूप से अध्ययन कर अपने सपनों को साकार कर सकेंगी। उन्होंने छात्राओं से अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर परिश्रम के साथ शिक्षा प्राप्त करने तथा अपने माता-पिता, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। मौके पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हीरालाल सोनकर, उपसरपंच राजेश चक्रधारी, महिपाल साहू, शाला के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

- चटौद में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

विकासखंड शिक्षा विभाग कुरूद द्वारा विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन 11 जुलाई को बाजार चौक चटौद में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर थे। विशिष्ट अतिथि ज्योति चंद्राकर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुरूद, गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, सतीश जैन उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, ज्योति जैन अध्यक्ष नगर पंचायत भखारा, खेमराज साहू सरपंच चटौद, मोनेश साहू उपसरपंच, लूमचंद अध्यक्ष एसएमसी चटौद, शिव कुमार साहू अध्यक्ष एसएमसी चटौद तथा नोमेंद्र कुमार साहू अध्यक्ष, एसएमसी चटौद थे।



इस अवसर पर कक्षा पांचवीं, आठवीं, दसवीं एवं बारहवीं की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। प्रेरणा आदर्श विद्या मंदिर, मौरीकला (गुफा) की छात्रा कुमारी वीणा यादव पिता लक्ष्मीनारायण यादव ने कक्षा आठवीं में 97.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए उन्हें मंच पर मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर प्रेरणा आदर्श विद्या मंदिर के प्राचार्य कृष्ण कुमार निषाद, कुंती साहू, डी. निषाद, बीआर सोनकर, फलेन्द्र साहू, मानसिंग साहू, नरेंद्र साहू, कृति साहू ने हर्ष जताया है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्रोत समन्वयक, संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक एवं शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों से नियमित विद्यालय आने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने तथा अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

## कोलियारी के पचास परिवारों को महापौर का आश्वासन, नहीं तोड़ा जाएगा मकान

- सरपंच समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण महापौर निवास पहुंचे और समस्या से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम कोलियारी में प्रस्तावित अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर फैल रही चर्चाओं के बीच महापौर रामू रोहरा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि किसी भी परिवार का मकान नहीं तोड़ा जाएगा। रविवार को ग्राम कोलियारी के सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महापौर के निवास पहुंचे और अपनी चिंता से अवगत कराया।

ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में यह चर्चा चल रही है कि करीब 50 लोगों के मकानों एवं अतिक्रमण को हटाया जाएगा, जिससे लोगों में भय और



असमंजस का माहौल है। इस पर महापौर रामू रोहरा ने स्पष्ट किया कि किसी भी नागरिक के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और फिलहाल किसी का मकान तोड़ने की कोई कार्रवाई नहीं होगी।

महापौर ने कहा कि लोगों को अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। यदि किसी प्रकार की समस्या या शंका है तो सीधे जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से जानकारी लें। उन्होंने कहा कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्य लोगों के हितों को ध्यान में रखकर किए जाएंगे तथा किसी भी परिवार को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाएगा। महापौर के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने राहत महसूस की और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान सरपंच सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### शाला विकास एवं प्रबंधन समिति की ललिता बनीं अध्यक्ष

**धमतरी।** शासकीय हाई स्कूल लोहरसी में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू, उपाध्यक्ष टीकम साहू, अभिभावक सदस्य चुरामन साहू, सोनूराम साहू, राजू साहू, छम्मुक लाल, रेखराम यादव, श्रीमती कविता साहू, श्रीमती गणिता एवं चित्ररेखा बनाए गए। इस दौरान पूर्व विद्यार्थी हिमांशु, प्राचार्य मदन मोहनदास, श्रीमती कांति भारद्वाज एवं विक्रम सिन्हा उपस्थित थे।



## अंचल की खबरें

### कर्मचारी संघ ने किया नए आयुक्त का स्वागत

**धमतरी।** अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ नगर निगम द्वारा नए आयुक्त अरुण वर्मा का स्वागत किया गया। मौके पर पीसी सार्वा, दीपक शर्मा, मो. शेरखान, मंगलू निर्मलकर, तरुण गजेंद्र, रोशन लोदे, कामता चौबे, नितिन बनवासी, सुनील सालुंके, धर्मेश शिंदे, प्रमेश, कमल देवांगन, विकास ग्वाल, दीपमाला, लोमेश देवांगन, शशांक मिश्रा, चंद्रप्रकाश, साहू, फिरोज खान, जनार्दन गौतम उपस्थित थे।



### 6 माह के शिशुओं को कराया प्रथम अन्न ग्रहण

**नगरी।** ग्राम दुगली की पुरानी बस्ती स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 6 माह पूर्ण कर चुके शिशुओं का पारंपरिक अन्नप्राशन संस्कार उत्साह एवं श्रद्धा के साथ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिशुओं के संतुलित पोषण, स्वस्थ विकास तथा पूरक आहार के प्रति अभिभावकों को जागरूक करना रहा। इस अवसर पर अतिथियों एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में शिशुओं को प्रथम बार अन्न ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच रामकुंवर मंडावी, भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी वरुण देव नेताम, सारदूराम कोडोपी, हरिचंद मंडावी, तमन्ना नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अभिभावकों को बच्चों के उचित पोषण, समय पर टीकाकरण, स्वच्छता तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जीवन के शुरुआती वर्षों में संतुलित एवं पौष्टिक आहार बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।



### मोदे में नवीन आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण

**नगरी।** ग्राम पंचायत मोदे में नवीन आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण विधायक अंबिका मरकाम के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच कलेन्द्री कश्यप ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हृदय साहू, अयूब खान, मयंक ध्रुव, ग्राम समिति अध्यक्ष किशनलाल कश्यप, ग्राम समिति उपाध्यक्ष शाखा राम कश्यप, ग्राम पटेल श्याम कश्यप, उपसरपंच भूपेन्द्र कुमार कश्यप सहित थे। इस अवसर पर विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आंगनबाड़ी भवन आवश्यक है। राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, पोषण और महिला-बाल विकास को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने नवीन भवन के माध्यम से बच्चों और माताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होने की बात कही। अतिथियों ने नवीन आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण कर ग्रामवासियों को शुभकामनाएं दीं तथा भवन के समुचित उपयोग और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सभी से सहयोग की अपील की।



### लालाराम पुनः भक्तिन माता समिति राजिम के अध्यक्ष बने

**धमतरी।** भक्तिन माता समिति राजिम के 12 जुलाई को संपन्न हुए चुनाव में लालाराम साहू अध्यक्ष पद पर पुनः निर्वाचित हुए। इस अवसर पर लालाराम साहू ने कहा कि समाज की एकता और संगठन की मजबूती उनकी प्राथमिकता रहेगी। समिति के माध्यम से समाज हित से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाते हुए विकास और सामाजिक समरसता की दिशा में निरंतर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी वर्गों को साथ लेकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर लिमतरा परिक्षेत्र अध्यक्ष तरूण साहू, उपाध्यक्ष पन्नालाल साहू, संगठन सचिव कामता प्रसाद साहू तथा सामाजिक कार्यकर्ता दीपक साहू सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे। समाजजनों ने उम्मीद जताई है कि लालाराम साहू के नेतृत्व में भक्तिन माता समिति राजिम सामाजिक एकता, संगठनात्मक विस्तार और जनहितकारी गतिविधियों के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल करेगी।



## युवाओं ने सीखे वीडियो जनरेशन और वेबसाइट डेवलपमेंट के गुर


**धमतरी।** तकनीकी क्षेत्र में हो रहे बदलावों के साथ युवाओं को कदम मिलाने के उद्देश्य से भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक धमतरी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) विषय पर एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। एआई अपस्किलिंग क्लासेस 2026 के तहत आयोजित इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को भविष्य की रोजगारोन्मुखी और उभरती हुई डिजिटल स्किल्स से रूबरू कराया गया, ताकि वे आधुनिक बाजार की जरूरतों के अनुसार खुद को तैयार कर सकें।

कार्यक्रम के दौरान तकनीकी विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को जनरेटिव एआई, मशीन लर्निंग और विभिन्न एआई टूल्स के व्यावहारिक उपयोग की जानकारी दी। कार्यशाला का मुख्य आकर्षण एआई वीडियो जनरेशन, वेबसाइट डेवलपमेंट और एआई एजेंट्स मेकिंग जैसे अत्याधुनिक विषय रहे, जिनका विशेषज्ञों ने सरल और रोचक तरीके से प्रदर्शन किया। सत्र में यह भी रेखांकित किया गया कि किस तरह शिक्षा, उद्योग, व्यवसाय और हमारे दैनिक जीवन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का महत्व लगातार बढ़ रहा है। इस प्रशिक्षण सत्र को लेकर कॉलेज के विद्यार्थियों में भारी उत्साह देखा गया। युवाओं ने न केवल एआई टूल्स का लाइव अनुभव लिया, बल्कि इस क्षेत्र में करियर निर्माण, नए स्टार्टअप की संभावनाओं और रोजगार के अवसरों को लेकर विशेषज्ञों से गहन चर्चा भी की। कार्यक्रम के दौरान इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के प्रभारी विभागाध्यक्ष हर्षल मोहिते, कुन्दन कुमार और देवेन्द्र कुम्भकार विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पटेल जयंती पर थाना परिसर में पौधारोपण

**कांकेर।** पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में थाना नरहरपुर परिसर में वृक्षारोपण किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में थाना प्रभारी सोमेश सिंह बघेल, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं नगर के जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और जनजागरूकता को बढ़ावा देने की शपथ ली। कार्यक्रम में अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया गया।

### प्रवेश के लिए छात्रों की काउंसिलिंग आज

**कांकेर।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6 वीं प्रवेश के लिए चयनित विद्यार्थियों की काउंसिलिंग 14 जुलाई को सुबह 11 बजे सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय कांकेर में होगी। विद्यार्थियों को कक्षा 4 वीं एवं 5 वीं की अंकसूची, आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र तथा पालक की सहमति-पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। अंतिम मेरिट सूची जिला वेबसाइट, सहायक आयुक्त कार्यालय, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, मंडल संयोजक कार्यालय एवं संबंधित आश्रम-छात्रावासों में उपलब्ध है।

### मंदिर चंदा चोरी का विरोध कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**कांकेर।** अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा एवं चंदा चोरी के मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अव्हान पर 13 जुलाई को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पुराना बस स्टैंड में विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर जमकर नारेबाजी की और कथित चढ़ावा एवं चंदा चोरी के मामले पर अपना आक्रोश व्यक्त किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आस्था और श्रद्धा से जुड़े विषयों में किसी भी प्रकार की अनियमितता गंभीर मामला है और इससे जुड़े तथ्यों को जनता के सामने स्पष्ट किया जाना चाहिए।

### फांसी लगाने से युवक की मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत सीएचसी में इलाज के लिए हल्बा चौकी अंतर्गत 40 वर्षीय लव नेताम पिता देउराम नेताम का इलाज से पहले ही 12 जुलाई को मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक ने फांसी लगा लिया था, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### माइंस के डंपरों से कापसी बेहाल, धूल एवं जर्जर पुलों ने बढ़ाई चिंता

**पखांजुर।** महाराष्ट्र के सुरजागढ़ माइंस से निकलने वाले भारी-भरकम 18 चक्का डंपरों की लगातार आवाजाही से कापसी बाजार और स्टेट हाईवे-25 पर जनजीवन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय ग्रामीणों, व्यापारियों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि दिन-रात गुजरने वाले ओवरलोड वाहनों से धूल का गुबार उड़ रहा है, जिससे राहगीरों, दुकानदारों, स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने माय भारत अभियान तेज होगा : मिश्रा

**15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं का विशेष पंजीकरण अभियान चलाया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में माय भारत जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में माय भारत अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने, अधिक से अधिक युवाओं को पोर्टल से जोड़ने तथा विभिन्न विभागों के समन्वय से कार्ययोजना को गति देने पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में जिला युवा अधिकारी ने माय भारत की अवधारणा, उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए युवाओं के सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही जिले में माय भारत की वर्तमान स्थिति, पोर्टल पर पंजीयन की प्रगति तथा व्यापक पंजीकरण अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

**नोडल अधिकारी और कैंपस एम्बेसडर की होगी नियुक्ति**

बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं का विशेष पंजीकरण अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक विद्यालय एवं महाविद्यालय में एक माय भारत नोडल अधिकारी तथा प्रत्येक महाविद्यालय में एक सक्रिय युवा को माय भारत कैंपस एम्बेसडर नामित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। इस दौरान जिला प्रशासन धमतरी की माय भारत पोर्टल पर उपस्थिति, विभागीय समन्वय, कार्ययोजना के अनुमोदन, विभागवार दायित्व निर्धारण तथा समय-सीमा तय करने सहित विभिन्न विषयों पर समिति के सदस्यों से सुझाव प्राप्त कर आवश्यक निर्णय लिए गए।



**युवाओं को मिले अवसरों का लाभ**

बैठक को संबोधित करते हु पोर्टल नहीं, बल्कि युवाओं को विकास और राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी विभागों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए अधिकतम युवाओं का समयबद्ध पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि जिले के युवाओं को विभिन्न अवसरों और गतिविधियों का अधिकतम लाभ मिल सके।

## बढ़ते बिजली बिल से हलाकान वार्डवासी कांग्रेस पार्षदों के साथ पहुंचे कलेक्टर जनदर्शन

# पहले 700-800 बिल आता था, इस माह 2000 2500 रुपए बिल आया, उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



स्मार्ट मीटर लगने के बाद आए बढ़े हुए बिजली बिल को लेकर उपभोक्ता परेशान हैं। कांग्रेस पार्षद वार्डवासियों के साथ कलेक्टर जनदर्शन पहुंचे और इस समस्या की शिकायत की। नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने बताया कि जून माह के बिजली बिल से जनता परेशान है पहले जहां 700-800 रुपये का बिल आता था, वहीं अब 2000-2500 रुपये तक बिल पहुंच रहा है। इससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। उन्होंने कलेक्टर से निवेदन किया कि बिल की जांच कराई जाए अन्यथा कांग्रेस आम जनता के साथ बिजली आफिस के सामने प्रदर्शन करेगी।

उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन ने कहा कि जुलाई माह के बिजली के बिल से आम लोगों को झटका लगा है। भाजपा सरकार भोली-भाली जनता को ठगने का काम कर रही रही है । एक तरफ सरकार महतारी वंदन के नाम से एक हजार तो दे रही किंतु बिजली बिल बढ़ाकर तीन से चार हजार वसूल कर रही है।

पार्षद सुमन मेश्राम ने कहा कि जब से भाजपा सरकार आई है। आम जनता की जेब में डाका डालने का काम कर रही है। परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। कलेक्टर से मांग की कि बढ़े हुए बिलों की जांच कराई जाए। पुरानी रीडिंग और नए स्मार्ट मीटर की रीडिंग का मिलान कर सत्यापन किया जाए। गलत बिल वालों को तुरंत राहत दी जाए।

महिमा सागरवार्ड निवासी रमली बाई ने बताया कि दो कमरे का उसका कच्चा मकान है पिछले महीने 470 रुपए आया था पर इस माह 2100 रुपए आया है। हम मजदूरी करने वाले कहां से बिल पटा पाएंगे। डाकबंगला वार्ड के सतीश यादव ने बताया कि वह गैरेज लाइन में काम करता है। तीन कमरे का कच्चा मकान है। पहले बिल 300-400 तक आता था। इस माह 1800 रूपये आया है। इतना ज्यादा बिल कैसे पटाये। कलेक्टर के प्रतिनिधि ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गलत बिल पाए जाने पर सुधार किया जाएगा।

पार्षदों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। प्रदर्शन करने वालों में पार्षद पूर्णिमा रजक, उमा भागी ध्रुव, रामेश्वरी कोसरे, योगेश लाल समेत वार्डवासी भागवत साहू, राजेश साहू, काशीराम नायक, नरोत्तम देवांगन, पुन्नी बाई, सुशीला दीवान, उषा पाठक, शिव कुमार कामता प्रसाद सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी छात्रों की गूंज छात्र संवाद कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पहुंचे। इस दौरान प्रतापगढ़ी का भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग अमीन मेमन, धमतरी जिला अध्यक्ष शरीफ रोकड़िया, निगम पार्षद योगेश लाल, प्रणय बच्चन, प्रदेश प्रवक्ता सुबोध हरितवाल ने स्वागत किया।

# काशीपुरी में शाला प्रबंधन विकास समिति गठित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासकीय प्राथमिक शाला काशीपुरी में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया गया। श्रीमती वर्षा निर्मलकर को समिति को अध्यक्ष और श्रीमती असवंतीन ध्रुव को उपाध्यक्ष चुना गया।

शिक्षाविद के रूप में श्रवण कोसिरिया तथा पंचायत प्रतिनिधि के रूप में श्रीमती ज्ञानाबाई ध्रुव का चयन किया गया। बैठक में प्रधानपाठक राजेन्द्र देवांगन सहित शिक्षकगण टुकेन्द्र सिन्हा, कमलनारायण पटेल, भूषण सिंह मण्डल व पालकगण रामाधार यादव, निरंजन यादव, आशीष निर्मलकर, श्रीमती दुगेश्वरी नेताम, भीखम ध्रुव, लेखराम निर्मलकर व अन्य मौजूद रहे।

# शहर के वार्डों की सड़कें तीन महीने में होंगी दुरूस्त

- जनमानस को राहत देने लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष की पहल पर राशि स्वीकृत
- बुनियादी सुविधाओं को आगे बढ़ाने और भी विकास कार्य होंगे : मोटवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



शहर के 40 वार्डों में सड़क की खराब स्थिति को देखते हुए महापौर रामू रोहरा के निर्देश पर विकास के कार्य चल रहे हैं। लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष विजय मोटवानी की पहल पर 26 लाख 82 हजार रुपए की लागत से मरम्मत के लिए टेंडर जारी कर दिए गए। महापौर रामू रोहरा ने उक्त कार्य पर तुरंत मुहर लगाते हुए श्री मोटवानी सहित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किए कि पार्षदों की सहमति तथा उनके भौतिक निरीक्षण के पश्चात ही इन कार्यों को अंतिम रूप दिया जाए। इससे आगामी 3 माह के अंदर सड़कों के गड्ढों से आम जनता को निजात मिल जाएगी।

गौरतलब है कि बारिश से पूर्व से ही पार्षदों तथा आम जनता ने नगर निगम प्रशासन को समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराया था। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष विजय मोटवानी ने विभागीय साइड इंजीनियरों एवं जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों की बैठक में सलाहकार समिति, विभागीय सदस्यगणों पिंटू यादव, कुलेश सोनी, मेघराज ठाकुर, हेमंत बंजारे, ईश्वर सोनकर, नम्रता पवार, चंद्रभागा साहू, उमाबाई, कोमल सार्वा, राकेश चंदवानी के साथ योजना बनाई। निर्णय लिया गया था कि सड़कों की मरम्मत अति आवश्यक है। श्री मोटवानी ने कहा है कि शहरवासियों को बुनियादी सुविधाएं दिलाने समर्पित भाव से कार्य करते रहेंगे।

# राम मंदिर चंदा में कथित अनियमितता को लेकर कांग्रेस ने निकाली रैली



- कार्यकर्ताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राम मंदिर चंदा से जुड़े कथित अनियमितताओं और लगाए गए आरोपों के विरोध में रैली निकालकर प्रदर्शन किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता हुई है, तो दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। ब्लॉक अध्यक्ष होमेंद्र साहू ने कहा कि जनता के विश्वास और धार्मिक भावनाओं से भाजपा खिलवाड़ कर रही है।

उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सत्य सामने लाने की मांग की।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अविनाश गौर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भरत नाहर, पूर्व जनपद अध्यक्ष शारदा साहू, पूर्व सभापति गोविन्द साहू, ओबीसी जिला अध्यक्ष प्रमोद सिन्हा, जिला महामंत्री राजू साहू, डोमार साहू, बिसौहा, लेखराम यादव, मनोज साहू, पार्षद गण मेघराज साहू, भानु गायकवाड़, ब्लॉक पदाधिकारी रूपचंद साहू, समीर गौर, मुकेश साहू, हिमांचल साहू, मंडल अध्यक्ष संतोषी निषाद, चम्मन साहू, गैंदलाल साहू, डॉ हरदेल, संतोष साहू, सोमनाथ साहू, पोखराज साहू, मयंक कोसरे, बिट्टू, अशोक साहू समेत बड़ी संख्श में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जिलास्तरीय विश्व आदिवासी दिवस नगरी में मनाया जाएगा

- तहसील सर्व आदिवासी समाज की बैठक में लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



सर्व आदिवासी समाज जिला धमतरी के चक्रीय क्रमानुसार जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस जिले की सभी तहसील में नौ अगस्त को मनाया जाता है। इस साल यह कार्यक्रम पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य नगरी तहसील में मनाया जायेगा। ग्यारह जुलाई को नगरी के सर्व आदिवासी समाज के भवन में तहसील सर्व आदिवासी समाज की अहम बैठक में प्रस्तावित किया गया। इस दौरान अजजा शासकीय कर्मचारी संघ के पदाधिकारी, गोड़वाना समाज, ध्रुव गोंड समाज ,हल्बा समाज,कमार समाज तहसील नगरी के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

तहसील सर्व आदिवासी समाज नगरी के अध्यक्ष उमेश देव ने जिला स्तरीय बैठक में प्रस्ताव का वाचन किया जिसमें जिला समाज व्दारा नगरी तहसील को आयोजन स्थल प्रस्तावित बताया। उक्त प्रस्ताव को नगरी तहसील के सर्व आदिवासी समाज ने समर्थन दिया। बैठक के दौरान अन्य सामाजिक विषयों पर भी विषयवार चर्चा हुई।

बैठक में पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, गोड़वाना समाज संरक्षक रामप्रसाद मरकाम, आदिवासी ध्रुव गोंड समाज तहसील अध्यक्ष सुरेन्द्र ध्रुव, आरएन देव, बुधलाल नेताम, रंजीत सोम, शशिकला ध्रुव, सत्यवती नेताम, सुरेश ध्रुव, उत्तम नेताम, प्रमोद कुंजाम, हृदय नाग, सुरेन्द्र राज ध्रुव, वेदप्रकाश मंडावी, संतोष गंगेश, श्रीधन सोम, रमेश मंडावी, संत मरकाम, राकेश मरकाम, नरसिंग मरकाम, संत कुमार नेताम, हुलास सूर्याकर, रुपेन्द्र मरकाम, अमन ध्रुव, कन्हैयालाल नाग, गीतेश्वर ध्रुव उपस्थित थे।

# छात्रसंघ ने ली कर्तव्यनिष्ठा की शपथ

- शालानायक नोमेश कुमार, उप शालानायक शौर्य बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बगदेही(धमतरी)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में छात्र संघ का गठन किया गया। चुनाव अधिकारी जे. ध्रुव, जागेश्वर , बीरेंद्र निषाद , आरके बघेल, स्वाति साहू , सोनल अग्रवाल व रिटर्निंग अधिकारी प्राचार्य एमआर मनहर थे। नव प्रवेशित छात्राओं को एकेडमिक ईयर 2026- 27 के लिए चार हाउस में बांटा गया। सत्यम हाउस, शिवम हाउस, सुंदरम हाउस, मधुरम हाउस के लिए हाउस लीडर एवं वाइस लीडर का भी चुनाव किया गया। शाला नायक नोमेश कुमार कक्षा बारहवीं, उप शालानायक शौर्य कक्षा ग्यारहवीं, अनुशासन प्रभारी मारिया कक्षा बारहवीं, क्रीड़ा प्रभारी टुकेश्वर कक्षा दसवीं, इको क्लब प्रभारी शैलेन्द्र कुमार, सांस्कृतिक प्रभारी प्राची कक्षा बारहवीं, कक्षा नायक नवमी देवप्रकाश, कक्षा दसवीं कक्षा नायक नोमिका, कक्षा ग्यारहवीं कक्षा नायक लोकेश कुमार, कक्षा बारहवीं कक्षा नायक रवीना साहू का चयन किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता आरके बघेल, आरके टंडन, एचके साहू, केके वर्मा, बीके निषाद, जेके साहू, व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू, डीके साहू, एस अग्रवाल, एस साहू, एल सोन, एम ठाकुर समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। सभी ने गोपनीयता एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ ली।













